हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

11 अढ़ाई कोसी परिक्रमा न केवल हमारी श्रद्धा का...

12 केंद्रों के आठ महीने के बकाया किराये का भुक्तान...









## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में सभी पॉजिटीव ब्लड ग्रुप की जरूरत होने पर तीन अप्रैल को सुबह नौ बजे से साढ़ेक 10 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। वंशिका फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से डॉ. हर्ष की अगुवाई में शिविर में टीम रक्त एकत्रित करेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि ब्लड बैंक में आकर रक्तदान करें।

### बुशान में एथलेटिक्स खेल नर्सरी की ट्रायल आज

**तोशाम।** हरियाणा खेल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बुशान में एथलेटिक्स खेल की नर्सरी ट्रायल 3 अप्रैल को सुबह 8 बजे ली जाएगी। इस नर्सरी के लिए 25 लडक़े व लड़कियों को रखा जाएगा। जिसमें खेल सुविधाएं व कोचिंग के अलावा 2 हजार रुपये प्रति माह खुराक राशि दी जाएगी। गांव के सरपंच मेहरचंद ने बताया कि 19 वर्ष से कम आयु के लडक़े व लड़कियां अपना आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र के फोटो सहित चौधरी खेमचंद स्टेडियम के सिन्थेटिक ट्रेक पर पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामण के पास रिपोर्ट करें।

### खेल नर्सरी के लिए गांव कलिंगा में ट्रायल आज

**भिवानी।** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित कबड्डी खेल नर्सरी की ट्रायल 3 अप्रैल को वीर शहीद राजपाल सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलिंगा में ली जाएगी। ट्रायल में जो खिलाड़ी भाग लेंगे वे अपने साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, बैंक पास बुक, फोटो व अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर आनी होगी। यह जानकारी डीपी राजेश ने दी।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला छह को

**भिवानी।** राजकीय आईटीआई प्रांगण में छह अप्रैल को सुबह नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इलेक्ट्रीशिय मेले में इलेक्ट्रीशियन मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक ट्रेक्टर, पेंटर, टीपीईएस, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर से पास लड़के व लड़कियां, जिसने आईटीआई पास की हो, वे मेले में भाग ले सकते हैं। आईटीआई के प्राचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई पास छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष हो, वे मेले में भाग ले सकते हैं।

### मिताथल में सजेगा खेल प्रतिभाओं का मेला

**भिवानी।** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित खेल नर्सरी ग्राम पंचायत मित्ताथल (लड़के) और राजकीय वमा कन्या विद्यालय (लड़कियों) की हैंडबॉल नर्सरी के लिए ट्रायल तीन अप्रैल को ली जाएगी। चयन प्रक्रिया का आयोजन राजीव गांधी खेल स्टेडियम मित्ताथल में किया जाएगा। कोच परमवीर सिवाच ने बताया कि ट्रायल का आयोजन सुबह साढ़े सात बजे से किया जाएगा।

## गलियों व घरों के सामने जमा सीवरेज का गंदा पानी फैला रहा क्षेत्र में दुर्गंध

# सीवरेज व्यवस्था 'चॉक', दूषित पानी लोगों के आवागमन पर लगा रहा 'रोक'

■ डेयरी संचालक पशुओं का गोबर सीवरेज के अंदर बहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी शहर में अनेक जगहों पर सीवरेज के मैनहॉल ओवरफ्लो होने की समस्या देखने को मिल रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सीवरेज मैनहॉल ओवरफ्लों होने से दूषित पानी गलियों व घरों के सामने जमा हो रहा हैं, जहां मक्खी-मच्छर पनप रहे हैं। शहर की सीवरेज व्यवस्था चॉक होने से गंदे पानी ने लोगों के आवागमन पर भी एक तरह से रोक लगा दी हैं, क्योंकि क्षेत्रवासियों को कहीं जाना भी होता तो उन्हें गंदे पानी के अंदर से ही होकर जाना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि अनेक बार जनस्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों को समस्या के संबंध में अवगत करवाया जा चुका, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया हैं और गंदे पानी से बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ हैं।

उल्लेखनीय हैं कि बिजली, पेयजल व सीवरेज मूलभूत सुविधाओं में आते हैं, जिनके बिना जनजीवन बेपटरी हो जाता हैं। शहर में अनेक जगहों पर पशु डेयरियां संचालित हैं। डेयरी संचालक पशुओं का गोबर सीवरेज के अंदर बहा देते हैं, वहीं कुछ लोग झाड़ू पोचा करके खुले मैनहॉल या जाली के अंदर से पॉलीथिन या कूड़ा सीवर में बहाते हैं, जो सीवरेज को चॉक कर देता हैं। इसी प्रकार की समस्या के चलते शहर में अनेक स्थानों पर सीवरेज के मैनहॉल चॉक होकर ओवरफ्लों हो रहे हैं और गंदा पानी गलियों, सड़कों व घरों के सामने जमा हो रहा हैं, जो क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं।


न्यू कीर्ति नगर की गली नंबर तीन


पुराना बस स्टैंड के निकट चिड़ियाघर रोड


सिविल लाइन थाने के सामने

### गंदे पानी से बीमारियां फैलने का भय

न्यू कीर्ति नगर गली नंबर तीन निवासी मानसिंह ने बताया कि गली का सीवर चॉक हैं, जिसकी वजह से सीवरेज का मैनहॉल ओवरफ्लों होकर गंदा पानी गली व घरों के सामने जमा हो रहा हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इसके साथ ही गंदे पानी की वजह से मक्खी-मच्छरों की संख्या बढ़ रही हैं। गर्मी के मौसम में वैसे ही मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बना रहा हैं, जिनसे बीमारियां फैलने का भय बना हुआ हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि अनेक बार नप व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समस्या के संबंध में बताया जा चुका, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा, बल्कि समस्या बढ़ती ही जा रही हैं। शहर में अनेक स्थानों पर डेयरियों का गोबर खुले में पड़ा रहता हैं और ऊपर से सीवरेज ओवरफ्लों होने की समस्या ने परेशानी क्षेत्रवासियों की परेशानी बढ़ा दी हैं। गोबर के ढेर व गंदे पानी पर बैठेक मक्खी-मच्छर कुछ देर बाद बाजार व घर में खाद्य सामग्री पर जाकर भिनभिनाते हैं और गोबर व गंदगी से लाई दुर्गंध को खाने पर छोड़ देते हैं, जिसे खाकर व्यक्ति बीमारी का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि डेयरियों को शहर से दूर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, ताकि बीमारियां फैलने का भय न रहे। चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि शहर में कहीं भी सीवरेज, गंदगी व साफ-सफाई की कोई भी समस्या हैं तो नगर परिषद कार्यालय या मुझे सूचित करें, तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करवाया जाएगा और क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वहीं कुछ लोग सीवरेज के अंदर कूड़ा कर्कट बहा देते हैं, जो सीवरेज का चॉक कर देते हैं, जिससे सीवरेज ओवरफ्लों होने की समस्या बनती हैं, ऐसे में शहरवासी भी नगर परिषद का सहयोग करें और घर के कूड़े को डोर टू डोर आने वाली कूड़ा गाड़ी में ही डालें।

### पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने समाधान शिविर में उठाया मामला

ठप सीवरेज व्यवस्था के समाधान को लेकर पूर्व पार्षद ईश्वर मान समाधान शिविर में पहुंचे और सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। शिविर में पूर्व पार्षद मान ने उपायुक्त को शहर की सीवरेज सफाई व्यवस्था और विशेषकर पुराने बस स्टैंड क्षेत्र व न्यू कीर्ति नगर की दयनीय स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि पुराने बस स्टैंड सिविल लाइन थाना के सामने और सेंटर फॉर साइट आंखों के अस्पताल के मुख्य गेट के सामने सीवर चॉक हैं।

### ऐतिहासिक बड़ा गौरवा जोहड़ बहा रहा बदहाली के आंसू



**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के वार्ड-10, तुलसी चैक के पास स्थित बड़ा गौरवा स्थित बड़ा जोहड़ जो कभी महाबलेश्वर धाम के नाम से प्रसिद्ध था, आज अपनी दुर्दशा पर बदहाली के आंसू बहा रहा है। यह ऐतिहासिक स्थल कभी धार्मिक आस्था और सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। जोहड़ का पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। कुछ लोग इसमें कचरा, पूजा सामग्री, दीपक-बाती और अन्य अपशिष्ट बिना किसी रोक-टोक के डाल रहे हैं, जिससे यह जलाशय प्रदूषण का केंद्र बन गया है। शहर का पुराना जोहड़ जो अपनी व्यवस्था के लिए प्रचलित था और दूर दराज से लोग इसे देखने आते थे लेकिन अब इसमें काई का वर्चस्व स्थापित हो चुका है। पांव फिसलने से कई मौतें भी हुई बताई जाती हैं जिसमें गोताखोरों की मदद लेनी पड़ी। इस जोहड़ की व्यवस्था इतनी बिगड़ चुकी है कि आसपास की दीवारें जगह-जगह से टूट चुकी हैं, घाट खंडहर में तब्दील हो चुके हैं और वर्षों पुरानी छतरी, जिसे मुस्लिम कारीगरों द्वारा बनाया गया था, अब पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सामाजिक कार्यकर्ताओं सूबेदार महावीर सिंह, देवपाल, ललित जैन, दिनेश जैन, रामफल अग्रवाल, रवि भानु और ब्रह्मपाल तंवर का कहना है कि प्रशासन द्वारा अब तक इसकी सफाई और संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शहर के इस जोहड़ की सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। इसमें फैली गंदगी से पशुपालन अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए ले जाने पश्चात पशु भी पानी पीना उचित नहीं समझते और यहां से मुंह फेर लेते हैं।

# प्लॉट के नाम पर 6 लाख रुपये हड़पने का आरोप

■ पीड़ित का आरोप है कि तोशाम निवासी संजय से 170 गज के प्लॉट का छह लाख रुपये हुआ था सौदा, नहीं करवाई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम निवासी एक व्यक्ति ने प्लॉट की राशि लेकर प्लाट किसी तीसरे के नाम करवाकर 6 लाख रुपये राशि हड़प ली है। पीड़ति तोशाम निवासी सुनील ने बताया कि उन्होंने तोशाम निवासी संजय के साथ सन 2018 में क़रीबन 170 गज के प्लॉट का छह लाख रुपए में सौदा हुआ था। इसकी पूरी राशि अदा कर दी थी। संजय ने 2023 में यह प्लॉट किसी और को बेच दिया। 2025 में सुनील कुमार जब वह प्लॉट में गया तो वहां कब्जा किसी और का मिला। जब प्लॉट के मालिक से पता किया तो उन्होंने बताया उन्होंने यह प्लाट संजय से खरीदा। जब इस मामले में संजय से बात की गई तो उन्होंने पैसे देने व रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया। सुनील ने बताया कि ऐसा कर संजय ने उनके साथ धोखाधड़ी की है।

# घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए मारे छापे

■ जिले में 27 गैस एजेंसी हैं,जिनमें 3 लाख 72 हजार 821 कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



एलपीजी गैस की सुचारू रूप से आपूर्ति को लेकर जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा निरंतर निगरानी व छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग ने वीरवार को भिवानी के साथ-साथ सिवानी, लोहारू और बहल में विभिन्न दुकानों व प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि घरेलू गैस को कमर्शियल में प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अपार तिवारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान सिवानी, लोहारू और बहल में करीब आठ से दुकानों में चैकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान कड़ी चेतावनी दी गई कि वे घरेलू गैस को कमर्शियल में प्रयोग ना करें। यदि ऐसा करते कोई मिलता है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिक किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें। नागरिकों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 01664-242125 जारी किया है। नागरिक सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक इस नंबर पर जानकारी ले सकते हैं। विभाग ने जिला मुख्यालय के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 27 गैस एजेंसी हैं, जिनमें भिवानी में 12, बवानीखेड़ा में तीन, सिवानी में तीन, लोहारू में दो, तोशाम में तीन, कैरू में तीन और बहल में एक गैस एजेंसी है। जिला में कुल तीन लाख 72 हजार 821 कनेक्शन हैं। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं दूसरी ओर जिला में 233 पेट्रोल पंप हैं। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल व डीजल उपलब्ध है।

## देश की संसदीय प्रणाली व महिला सशक्तिकरण पर होगी चर्चा

# चौधरी बंसीलाल विवि में महिला संसद में आवाज बुलंद करेंगी देशभर की बेटियां



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि. भिवानी में अगले तीन दिन देशभर के विश्वविद्यालयों से आने वाली बेटियां हुंकार भरेंगी और देश की संसदीय प्रणाली व महिला सशक्तिकरण पर चर्चा कर अपने सशक्त हुनर की मिसाल कायम करेंगी। विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में आयोजित किए जा रहे इस राष्ट्रीय स्तर की महिला छात्र संसद में देश भर के 2 दर्जन विश्वविद्यालयों की टीमें यहां पहुंचने लगी है। 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में उत्तर से दक्षिण व पश्चिम से पूर्व भारत के प्रतिभागियों के अगमन को लेकर विश्वविद्यालय में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है।

### ये विश्वविद्यालय ले रहे हैं कार्यक्रम में भाग

महिला छात्र संसद में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद मणिपुर विश्वविद्यालय मणिपुर, सिंघानिया विश्वविद्यालय, सिंघाना इंटगरल विश्वविद्यालय, लखनऊ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, यूपी, गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ओडिशा, श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, अहमदाबाद यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, दून यूनिवर्सिटी, देहरादून, उत्तराखंड शारदा यूनिवर्सिटी, नोएडा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़, चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, प्रेम नगर, भिवानी, जीएसएफसी यूनिवर्सिटी, गुजरात, एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा, गुजरात।

# एसडीएम ने दुर्घटना में घायल युवक को उपचार के लिए भिजवाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



एसडीएम लोहारू, मनोज दलाल ने वीरवार को एक अधिकारी के साथ-साथ अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल युवक को अस्पताल में भिजवाने में मदद की। वहीं दूसरी ओर उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद करनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि वीरवार को सुबह जुई के पास एक पिकअप डाले के मोटरसाइकिल से टकराव से मोटरसाइकिल पर सवार युवक घायल हो गया। इसी बीच लोहारू से भिवानी आ रहे एसडीएम मनोज दलाल ने जैसे ही हादसे को देखा तो उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी। इसके साथ ही मौके पर मोटरसाइकिल राइडर पुलिस के जवान भी वहां पर पहुंच गए। एसडीएम ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो उस समय कुछ लोग घायल की मदद करने की बजाय दुर्घटना को देख रहे थे, जबकि उनको घायल युवक की मदद करनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि उसी समय एंबुलेंस बुलाई गई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं पर कोई सड़क दुर्घटना हो जाती है तो हमें बिना किसी हिचक के घायलों को प्राथमिक उपचार दिलवाने में मदद करनी चाहिए। इससे असहाय व्यक्ति की जान बचती है। यह बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है।



बच्चो, तुमने अकसर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती

# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।



**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, टॉयलेट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड से लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोंछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।





**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो। इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।

**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलैक्स करो।

पढ़ने के लिए, लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *


### रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट

हेल्दी रहने के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रिशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।



# अब तो चश्मा लगेगा

निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?



छोटी कहानी

सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही है। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।

डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'



आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।
सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें



1 वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।




2 बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।

3 शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.हाथ, 2.पैर, 3. हृदय

## जीके क्विज-199



1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस

**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी

शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब वहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ़ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता

पूर्ति वैभव खरे



## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।



उत्तर: 1.बच्चे के हाथ में एप्पल की बजाय चॉकलेट है। 2.बच्चे ने स्लीपर पहना हुआ है। 3.टेबल पर पानी की बॉटल की जगह कोल्ड ड्रिंक रखी है। 4.टिफिन बॉक्स का कलर और उसमें रखे फूड आइटम्स बदले हुए हैं। 5.आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। 6.लड़का सुस्त और उदास दिख रहा है।

## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE

## खबर संक्षेप

### हरिओम व नवीन शर्मा की माता का निधन

**भिवानी।** काउंसलर हरिओम शर्मा व लोकपाल भिवानी नवीन शर्मा की माता सुमित्रा देवी का बुधवार को निधन हो गया। सुमित्रा की उम्र 62 वर्ष थी, जिन्होंने बुधवार को घर पर ही अंतिम सांस ली। गांव कुड़ल में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रही थी, उनके पुत्र हरिओम शर्मा व नवीन शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे पति विजय कुमार, दो बेटे, बेटी, बहुएं, पौत्र व पौत्रियां सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर गई हैं।

### नए सत्र का हवन से किया शुभारंभ

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। प्राचार्या सविता घणघस की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हवन-यज्ञ में मां सरस्वती वंदना के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। प्राचार्या सविता घणघस ने कहा कि हवन-यज्ञ करने से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने नए सत्र से पहले अच्छे रिजल्ट की कामना के साथ सभी को शुभकामनाएं दी और विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य पवन कुमार शास्त्री ने हवन-यज्ञ में पूर्ण सहयोग दिया और सभी को प्रसाद वितरित किया।

### हलके को तोड़ने के बयान से नाराजगी

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा हलके की जनता जहां एक तरफ वर्षों से उपमंडल बनने का इंतजार कर रही है वहीं तोशाम में मंच पर हरियाणा के वरिष्ठ नेता द्वारा बवानीखेड़ा हलके को तोड़ने संबंधी दिए गए कथित बयान के बाद क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बवानीखेड़ा क्षेत्र की पहचान और एकता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। हनुमान, सोमबीर, राजेश कुमार, बलबीर सिंह, सुमन देवी, गुड्डी, महेश कुमार आदि का कहना है कि बवानीखेड़ा हलका लंबे समय से अपनी अलग पहचान रखता है और यहां के लोगों ने विकास के लिए लगातार संघर्ष किया है। ऐसे में हलके को तोड़ने जैसी बात कहना क्षेत्र की भावनाओं को आहत करने वाला है।

## जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में लगाया 56 भोग प्रसाद, संत सम्मान कर लगाया भंडारा

# अढ़ाई कोसी परिक्रमा न केवल हमारी श्रद्धा का प्रतीक बल्कि संस्कृति व संस्कार का संजीव उदाहरण : चरणदास

*भगवान श्रीराम के परमभक्त अंजनीपुत्र हनुमानजी कलयुग के जागृत देवता: महंत चरणदास*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हनुमान ढाणी स्थित जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर में वीरवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। मंदिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर में भव्य तैयारी की तथा मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा एवं फूलों की सजावट से सजाया। इस दौरान हनुमान जोहड़ी मंदिर एवं युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले जारी अढ़ाई कोसी नगर परिक्रमा के एक वर्ष पूरा होने पर विशाल नगर परिक्रमा भी निकाली, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम का सिमरन कर पदयात्रा में भाग लिया। इस दौरान श्रीराम महायज्ञ, 56 भोग प्रसाद, संत सम्मान व विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

महंत चरणदास महाराज ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर शुरू की अढाई कोसी परिक्रमा को एक वर्ष पूरा हो गया, जो न केवल हमारी श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार, परंपरा एवं एकता का संजीव उदाहरण है। उन्होंने बताया कि यात्रा रोजाना रोहतक गेट, महम गेट, तिगड़ाना गेट, हांसी गेट, रेल दरवाजा, दिनोद गेट, देवसर गेट, हलवास गेट, पतराम गेट, हनुमान गेट, बेरी गेट, बावड़ी गड़ी गेट सहित सभी 12 दरवाजों को प्रणाम कर जोहड़ीवाला हनुमान जोहड़ी धाम में संपन्न होती है। यह परिक्रमा केवल कदमों की यात्रा नहीं है, ये आत्मिक यात्रा है जो हमें हनुमानजी के चरणों तक पहुंचाती है। महंत चरणदास ने कहा कि प्राचीन हनुमान जोहड़ी मंदिर में हनुमानजी के दर्शन कर सच्चे मन से पूजा करने वाले प्रत्येक हनुमान भक्त की मन्नतें पूरी होती हैं, वे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता हैं, इसलिए सच्चे मन से दर्शन, उनकी विधि-विधान से पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।



भिवानी। जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। हीरापुरी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते मार्केट के सदस्य।

### हनुमानजी सेवा और समर्पण के प्रतीक

**भिवानी।** बदलाव समाज कल्याण द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर वीरवार को चौधरी बंसीलाल पार्क के पीछे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आध्यात्मिक शांति के लिए वैदिक मंत्रो के साथ हवन किया। वहीं राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मंत्रोच्चार के साथ हुई। महंत नारायण नाथ ने विधिवत रूप से हवन संपन्न करवाया और विश्व कल्याण की कामना की। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बदलाव समाज कल्याण के अध्यक्ष श्यामपाल ने की। उन्होंने मुख्यतिथि का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। परमार ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमानजी साहस, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं, आज के समय में युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### 12 विशेष नामों का उच्चारण करवाया

**भिवानी।** चैत्र मास की पूर्णिमा पर वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। कार्यक्रम डोबी तालाब स्थित हीरापुरी मंदिर में अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन और विधिवत पूजन के साथ हुई। महंत कृष्णपुरी के सानिध्य में कथावाचिका अनिता शास्त्री ने सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ समापन पर हनुमानजी के 12 विशेष नामों का उच्चारण किया और भव्य आरती की। आरती के पश्चात सभी भक्तों के बीच चोला, सिंदूर, नारियल और लड्डू का प्रसाद वितरित किया। थावाचिका अनिता शास्त्री ने बताया कि सुंदरकांड का पाठ न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की शक्ति भी देता है। सुंदरकांड के नियमित पाठ से एकाग्रता और आत्मबल में वृद्धि होती है। हनुमानजी के 12 नामों के स्मरण से भय एवं व्याधि का नाश होता है। भगवान श्रीराम व हनुमानजी के चरित्र से निःस्वार्थ सेवा एवं समर्पण की सीख मिलती है।

### हनुमान जन्मोत्सव मनाया

भिवानी। इम्प्रूमेंट ट्रस्ट मार्केट में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान बुधवार को सुबह भंडारे का आयोजन किया,जिसमें न केवल दुकानदारों, बल्कि शहर के अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद संदीप यादव, पार्षद सुभाष तंवर व पार्षद सूर्या तंवर ने विशेष तौर पर पहुंचकर की, जिनका मार्केट के प्रधान महाबीर जांगड़ा ने स्वागत किया। मार्केट के प्रधान महाबीर जांगड़ा ने कहा कि जब युवाओं पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे समय में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है, ताकि युवाओं की मनोवृत्ति पर सकारात्मक प्रभाव डाला जा सकें। उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती उत्सव लोगों को धर्म के माध्यम से उन्नति की ओर ले जाने का संकेत देता है और न्याय के सदैव खड़े रहने की प्रेरणा देता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव के दिन भक्त निर्मल मन से श्रीराम भक्त हनुमान को हृदय में धारण कर असीम ऊर्जा का अनुभव करते हैं। भगवान हनुमान भक्ति, शक्ति और निष्ठा के प्रतीक माने जाते है।

### बीटीएम चौक श्याम तोरण द्वार पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**भिवानी।** छोटी काशी के नाम से मशहूर भिवानी में हनुमान जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया। इसी कड़ी में बीटीएम चौक स्थित श्रीश्याम तोरण द्वार व श्रीश्याम वाटिका में प्रसाद वितरण किया गया। भक्तिभाव से सराबोर आयोजन में श्रद्धालुओं ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना और वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात तोरण द्वार पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए बड़े स्तर पर प्रसाद वितरित किया। हनुमान जन्मोत्सव पर पार्षद सतेंद्र मोर व उनके परिवार ने श्रीश्याम वाटिका में पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्य में श्याम मंदिर के संस्थापक एवं समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर सेवा का उदाहरण पेश किया। मंदिर के संस्थापक घनश्याम शर्मा, सुनील गोयल, चौधरी ओमप्रकाश दलाल, बलवंत ठेकेदार, पवन अरोड़ा, अशोक शर्मा आदि ने सहयोग किया।



भिवानी। भगवान हनुमानजी को नमन करते श्रद्धालु।

# हनुमान जयंती पर लगाया पौधा

- हर व्यक्ति को किसी भी धार्मिक प्रोग्राम पर पौधा लगाना चाहिए : संदीप पंघाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के प्रांगण में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व सचिव और सर्व कर्मचारी कल्याण संघ के ब्लॉक प्रेस सचिव संदीप पंघाल की अध्यक्षता में आम का पौधा लगाया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सैनिक आजाद सिंह पधारे। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए संदीप पंघाल ने कहा कि हर आदमी को किसी भी धार्मिक प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधे लगाने चाहिए जिस प्रकार से देश की जनसंख्या बढ़ती जा रही है खेत खलियान पेड़ पौधे कम होते जा रहे हैं इसलिए आज हमारी पीढ़ी का फर्ज बनता है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इस अवसर पर राकेश नेहरा ने कहा कि एक पेड़ को एक बच्चे की तरह पाला जाता है तब वह बड़ा होकर हमें फल और ऑक्सीजन देता है इसलिए हम इसी पौधे को जीवित रखने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर आजाद सिंह फौजी, डॉ दयानंद शर्मा, राकेश नेहरा आदि मौजूद रहे।



# शिविर में 64 युवाओं ने किया रक्तदान

- जागरण में बाला जी की महिमा का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर गांव दुल्हेड़ी में स्थित मंगल कंक्रीट प्रोडक्ट्स में जागरण का आयोजन किया गया। भक्तों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान गांव में भव्य झांकियां निकाली गई। भंडारे के साथ-साथ विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में 64 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। मंगल कंक्रीट प्रोडक्ट्स संचालक गजानन्द अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित जागरण में देव -हर्ष की जोड़ी ने श्रीबालाजी के सुंदर भजनों से महिमा का गुणगान किया।

इसके अलावा पंकज, अनिल गर्ग बागनवालिया, जॉनी गोयल ने भी भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया। इनमें श्री बालाजी तुम्हारी होवे जय-जयकार, करते हर दुख दूर बाबा, एक बार तो आओ बाबा, फिर आके चले जाना आदि भजनों पर लोगों ने खूब तालियां बजाईं।

झांकी कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकी निकाली गईं। इनमें राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। जागरण के बाद सुबह को आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजक गजानन्द अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक आयोजन अनेकता में एकता के प्रतीक हैं। प्राचीन काल से लोग धार्मिक आयोजनों के माध्यम से एकता का परिचय देते हैं।





तोशाम। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मी-काढ़ा के प्रशासक वीरेन्द्र सिंह, मी-काढ़ा के डायरेक्टर धूप सिंह, मी-काढ़ा चीफ इंजीनियर एसडी शर्मा,सरपंच रामेश्वर इंदौरा, तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, कृष्ण मलिक, हरीश बंसल, स्वच्छता कमेटी प्रधान पवन सैनी, बाबा मुंगीपा कमेटी प्रधान ठाकुर बीर सिंह, रविन्द्र मंढोली, शैली कादयान, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, विकास सिंगला, पंकज डेमला, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# एमसी कॉलोनी के पार्क में निकाली प्रभात फेरी

- भजनों और हनुमान चालीसा से सभी को मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

भारत माता सेवा मंडल ने एम सी कॉलोनी सेंट्रल पार्क में प्रभात फेरी निकाल कर हनुमान की शक्ति और प्रेम का संदेश दिया। जिसकी अगुवाई रामलाल सुखीजा,सुरेश वधवा,चंद्रभान ढ़ेमला ने की ।

कार्यक्रम के संयोजक भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष अधिवक्ता एडवोकेट पदम सिंह चौहान एवं गणपत राय जसूजा ने कहा कि आज का भक्ति और सेवा का अनोखा संगम है। जन्मोत्सव पर विशेष माहौल देखने को मिला । श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। गायक कलाकार हरीशकुमार, सतीश कुमार, राजेश नागपाल, अशोक कुमार एवं वेद प्रकाश ने भजनों और हनुमान चालीसा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित पूर्णमल शर्मा,मुरारीलाल शर्मा,बिशम्बर शर्मा एवं जयभगवान शर्मा द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया। धर्मपाल वधवा ,महावीर तनेजा ने प्रसाद का वितरण किया। आज बड़ी संख्या में निम्नलिखित लोगों ने भाग लिया। डॉ ओमप्रकाश चावला, सुमेर सैनी संगठन मंत्री,सुरेंद्रसिंह परमार,ओमबाई परमार, शरमेश चौहान ,रमेश यादव,अंगना राम ,शंकर दास, यज्ञदत्त रहलन,दुर्गादास, जग्गा सिंह ,कृष्ण ढींगड़ा,नरेंद्र बग्गा,सूरज प्रकाश, ओमप्रकाश गांधी,वीरेंद्र कुकरेजा,सुरेश बजाज,हरिओम तंवर, हरभगवान, रग़बीर बोहरा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# गायक कलाकारों ने हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया

- मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

गुरुवार को तोशाम के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तोशाम के एकमात्र दक्षिणमुखी संकटमोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार में अनेक भक्तों ने बालाजी की पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण किया वहीं बाबा मुंगीपा पहाड़ी पर स्थित हनुमान मंदिर में श्री रामदूत हनुमान सेवा ट्रस्ट द्वारा बुधवार रात्रि हनुमान जी का भजन संकीर्तन सहित जागरण आयोजित किया गया। जिसमें श्री श्याम सेवा मंडल तोशाम द्वारा रूपेश बंसल, पवन बंसल, ऋषि जांगड़ा आदि सहित विभिन्न गायक कलाकारों ने हनुमान जी का गुणगान किया। वहीं गुरुवार सुबह मंदिर परिसर में संजय बूडाकिया के नेतृत्व में मंदिर पुजारी पंडित दीनदयाल शास्त्री ने वेद मंत्र उच्चारण द्वारा हवन-यज्ञ करवाया। जिसमें अनेक भक्तों ने आहुति देकर धर्म लाभ उठाया। पंडित रामकिशन महाराज ने कहा कि हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को तोशाम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।



# हनुमान जयंती का दिन सेवा और समर्पण के संकल्प का : गजेंद्र

- टेका सोजी मन्दिर में वीरवार को हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

टेका सोजी मन्दिर में वीरवार को हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। तडक़े सुबह से ही मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान रहा।

इस विशेष अवसर पर मन्दिर प्रबंधन द्वारा भव्य हवन पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह शुभ मुहूर्त में मन्दिर के मुख्य पुजारी गजेंद्र के सानिध्य में विशेष हवन का आयोजन किया गया। मन्दिर प्रांगण में आहुतियां देते हुए भक्तों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन की पूर्णाहुति के पश्चात जब महाआरती शुरू हुई, तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच भक्तों ने बजरंगबली की आरती उतारी।

हनुमान जयंती के महत्व और मन्दिर की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए मन्दिर के पुजारी गजेंद्र ने कहा कि हनुमान जयंती का दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का दिन है। टेका सोजी मन्दिर में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि हम सामूहिक हवन के माध्यम से विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हैं। आज के दिन मन्दिर में विशेष चोला चढ़ाया गया और हनुमान चालीसा के अखंड पाठ का आयोजन किया गया।

भक्तों का उत्साह यह दर्शाता है कि संकटमोचन की कृपा हम सभी पर बनी हुई है। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जिन पेपर में नंबर कम आने की उम्मीद उनके लिए अंक सुधार का अवसर

# चार अप्रैल से तीन विषयों के लिए दोबारा आवेदन कर सकेंगे परीक्षार्थी

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत इस बार परीक्षार्थियों को एक और अंक सुधार का मौका दिया है। इसके तहत जिन परीक्षार्थियों को किन्हीं भी 03 सब्जेक्ट में ऐसा लगता है कि उनके अंक ठीक नहीं आएंगे तो वे 04 अप्रैल से तीन विषयों के पेपर दोबारा देने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा 20 अप्रैल के आस-पास होगी। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य परीक्षार्थियों का तनाव खत्म करना है। परिणामों में जिस परीक्षा के अंक अधिक होंगे, उसके अंक जोड़े जाएंगे।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने जिला रोहतक के अंकन केन्द्र एससीडीएस पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाऊन व सैनी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां अंकन कार्य निर्बाध व सुचारू रूप से चल रहा था।

## विभिन्न किसान संगठनों ने भी दी पूर्व सांसद को भावभीनी श्रद्धांजलि

# आजीवन अपने सिद्धांतों पर कायम रहे चौधरी जंगबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हरियाणा के प्रख्यात जननेता, समाजसेवी एवं पूर्व सांसदी जंगबीर सिंह को आज विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं किसान संगठनों द्वारा गहरी संवेदनाओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, किसान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे, जिन्होंने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम प्रणाम किया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. बीरेंद्र सिंह ने चौधरी जंगबीर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे आजीवन अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहने वाले विरले नेताओं में से एक थे। उन्होंने कहा कि जंगबीर सिंह ने अपने पूरे राजनैतिक जीवन में कभी भी सच्चाई और ईमानदारी का दामन नहीं छोड़ा। राजनीति को उन्होंने सेवा का माध्यम माना और जनकल्याण को ही अपना लक्ष्य बनाकर कार्य किया।पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। वे एक ऐसे जननायक थे, जो केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रहे।



भिवानी। पूर्व सांसद स्व. जंगबीर सिंह को श्रद्धाजलि देते हुए।

### इन्होंने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

इस अवसर पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने जगदीप सिंह पूर्व आईएएस अधिकारी, प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, डॉ बिजेंद्र दहिया, डॉ संजात चिनावे, सतबीर रतेरा, राजबीर सरपंच लेघां हेतवान, नवेंद्र धोलिया पूर्व पार्षद, रवींद्र सांगवान पार्षद, विक्रमजीत सांगवान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, अशोक मंढोली पूर्व सरपंच, विजय सिंह लाठर, रब्बू पंवार, अशोक ढाणी माहू, मंजीत दुल, रमेश लालावास, करण सिंह जैनावास, रोहतास सैनी, रामकिशन पूर्व पार्षद, सुधीर पूर्व सरपंच बामला, सोनू पंघाल बीडीसी चेयरमैन, मंदीप सुई, नरेश कुमार तहसीलदार, राजकुमार ठेकेदार, नंदराम धनिया भाजपा नेता, पूर्व सरपंच कृपाल सिंह धनाना, वीरेंद्र करोड़ी, संदीप भारद्वाज पूर्व पार्षद, पवन हिन्दुस्तानी, ओमप्रकाश कड़वासरा, डॉ विजय मंढोला, कृष्ण वर्मा सुंगरपुर, कृष्ण सीआईडी, उमेद सिंह दहिया, मदन ठेकेदार, विजयकिशन धारेडू, रवींद्र पटौदी, शमशेर अहलावत, प्रिय असीजा, महेंद्र सरपंच नंदगांव, राजबीर सामन, सोमबीर ढाणी माहू सहित अनेक समर्थक उपस्थित रहे।

#### सबकी बात सुनी

पूर्व विधायक आनंद सिंह डांगी ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह की सादगी, सहजता और स्पष्टवादिता उन्हें जन-जन का प्रिय बनाती थी। पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा ने कहा कि चौधरी साहब बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति की बात सुनते थे और यथासंभव सहायता करने के लिए तत्पर रहते थे। इस अवसर पर भाकियू (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने उनके सुपुत्र कमल प्रधान को फोन के माध्यम से सांत्वना देते हुए कहा कि जंगबीर सिंह सच्चे अर्थों में किसान कमेरे वर्ग के हितैषी थे।

## खबर संक्षेप



### 275 क्विंटल गेहूं पहुंची अब तक नहीं हुई खरीद

**बाढ़ड़ा।** कस्बे कि अनाजमंडी में वीरवार तक सात किसानों को गेट पास जारी होने के बाद 275 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है, लेकिन अब तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई हैं। आढ़ती मंजीत नांधा, अनिल, योगेश, सुभाष, अशोक, नवीन, करपाल व कृष्ण आदि ने बताया कि अब तक मंडी में बारदाना नहीं पहुंचा है। वहीं बरसात के कारण किसानों के गेहूं में नमी बनी हुई है।

### बेटी की शादी पर गांव दांग में निकाला बनवारा

**भिवानी।** दांग में बेटी पूनम पुत्री जयसिंह की शादी पर आयोजित होने वाला बनवारा घोड़ी पर निकाला। घोड़ी पर बनवारा निकाले जाने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर परिजनों ने कहा कि हमारी बेटी बेटे से कम नहीं है। अब बेटा व बेटी के हर जगह समान अधिकार है। चाहे कोई भी क्षेत्र हो। बेटी हर क्षेत्र में समान भागीदार है। पिता जयसिंह ने बताया कि आज वे बेटी का घोडी पर बनवारा निकालकर बेहद खुश है। इस तरह निकाले गए बनवारे से समाज के लोगों में भी खुशी का माहौल बना है।

### प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**चरखी दादरी।** शंकर कॉलोनी स्थित फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के पहले ही दिन प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों और उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर व केक काटकर स्वागत किया गया, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

### पूर्व डीजीपी निर्मल कौर बनीं राष्ट्रीय अध्यक्ष

**भिवानी।** अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन (एबीएचआरओ) ने झारखंड की पूर्व डीजीपी सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी निर्मल कौर को अपनी महिला विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया, उनकी नियुक्ति से न संस्था को मजबूती मिली, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ताओं में उत्साह की नई लहर दौड़ गई है। बता दें कि निर्मल कौर ने अपनी सेवा के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला छह को

**भिवानी।** राजकीय आईटीआई भिवानी के प्रांगण में छह अप्रैल को प्रात 09:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक ट्रेक्टर, पेंटर, टीपीईएस., टर्नर, वायरमैन व वेल्डर से पास विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी आईटीआई प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने दी।

### स्पीड ब्रेकर बना चालकों के लिए परेशानी का सबब

**बहल।** बहल से भिवानी रोड स्थित तोशाम मोड़ पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गए हैं। इन स्पीड ब्रेकरों पर किसी प्रकार के चेतावनी संकेत बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, जिसके चलते विशेषकर रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मोड़ पर पहले से ही कई होर्डिंग और साइन बोर्ड लगे हुए हैं, जिससे वाहन चालकों का ध्यान भटकता है।

### लघु सचिवालय में चालू की लिफ्ट

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार ने ज्वाइन करते ही सबसे पहले लोगों द्वारा की गई मांग पर लिफ्ट को चालू करवा दिया है। द्वितीय तल पर रोजगार विभाग, महिला सहायता समूह, बागवानी विभाग और पत्रकार साथियों के सहयोग के लिए बनाए गए विभाग में आने वाले लोगों को इसका विशेष रूप से फायदा मिल रहा है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने उपायुक्त से की मुलाकात

# केन्द्रों के 8 महीने के बकाया किराये का भुगतान करवाएं

- आंगनवाड़ी वर्कर्स इंचार्ज को अपनी जेब से करना पड़ता है किराये का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आंगनवाड़ी वर्कस एंड हैल्पर्स यूनियन रजि. 1442 संबंधित सीटू व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल आंगनवाड़ी केन्द्रों का 8 महीने से बकाया किराये के भुगतान, केंद्र सरकार से 8 महीनों का बकाया वेतन, समय पर गैस सिलेंडर व सब्जी के पैसे देने की मांग को लेकर उपायुक्त से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन की जिला प्रधान राजबाला निनान व जिला सचिव राजबाला शर्मा कर रही थी।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीटू राज्य उपप्रधान कामरेड सतबीर सिंह, किसान सभा के जिला उपप्रधान व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश तथा यूनियन इंचार्ज रतन कुमार जिंदल ने कहा कि राज्य सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया समय पर नहीं देती, इसलिए मकान मालिकों को किराया आंगनवाड़ी वर्कर इंचार्ज अपनी जेब से भुगतान करती है और यह किराया आठ महीने का बकाया है, केंद्र सरकार का वर्करों को वेतन हिस्सा भी 8 महीनों से बकाया है, बच्चों के लिए भोजन तैयार करवाने हेतु सब्जी और गैस सिलेंडर के पैसे आंगनवाड़ी वर्कर अपनी जेब से देते हैं।

आंगनवाड़ी वर्करों का कहना है कि उन्हे इस संकटकाल में गैस सिलेंडर लेने हेतु लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ता है और वह भी एक महीने से उपर समय लग जाता है। मामूली वेतन पाने वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स के सामने अपनी विभागीय ड्यूटी निभाने के सामने ये समस्याएं पहाड़ बनकर खड़ी हो जाती है। उपायुक्त साहिल गुप्ता ने आंगनवाड़ी प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कामरेड ओमप्रकाश, रतन कुमार जिंदल, सुनीता चहल, अर्चना, बबीता, ऋतु, सुमन, सुनीता, बबीता, राजबाला हैल्पर, किरण, दर्शना मंजु सैय व कमला शामिल रही।

## इनेलो ने सहायता केंद्र का शुभारंभ किया

- पूर्व विधायक ओमप्रकाश बडवा व पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा ने किया उद्घाटन

**बहल।** इनेलो द्वारा प्रदेश की विभिन्न मंडियों में किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित करने की पहल के तहत बहल मंडी में सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। वीरवार को केंद्र का उद्घाटन पूर्व विधायक ओमप्रकाश बडवा व पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कहा कि किसानों को मंडियों में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनके समाधान के लिए यह केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसान सहायता केंद्र के माध्यम से किसानों को फसल बिक्री, भुगतान, तौल, और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान में मदद दी जाएगी।

साथ ही, किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम दिलाने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इनेलो नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी। इस मौके पर कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 31 टीमों ने दिखाया दमखम

# 54वीं नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा ने जीता कांस्य



**भिवानी।** टीम को सम्मानित करते हुए।

**भिवानी।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की धरा एक बार फिर खेल के मैदान में ऊर्जा से सराबोर नजर आई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल परिसर में 54वीं एचएफआई सीनियर पुरुष नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप का सफल आयोजन संपन्न हुआ। 23 से 27 मार्च तक चले इस महाकुंभ में देश भर की 31 टीमों ने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एचएफआई) के अध्यक्ष महेश चौहान के कुशल दिशा-निर्देशों में आयोजित इस प्रतियोगिता ने भारतीय हैंडबॉल के भविष्य की एक शानदार तस्वीर पेश की। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम तथा समापन पर हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के प्रधान कैप्टन मीनू बेनिवाल ने शिरकत की थी।

इस चैम्पियनशिप में पंजाब की टीम प्रथम, मध्य प्रदेश की टीम द्वितीय व हरियाणा की टीम तृतीय स्थान पर रही। मेजबान राज्य होने के नाते हरियाणा पर सबकी नजरें टिकी थीं। हरियाणा की टीम ने मैदान पर अदम्य साहस और तालमेल का परिचय देते हुए तीसरा स्थान (कांस्य पदक) हासिल किया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि 31 राज्यों की कड़ी चुनौती के बीच पदक जीतना हरियाणा के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि हरियाणा की यह युवा टीम आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर नंबर वन बनने की पूरी क्षमता रखती है।

**बेहतरीन प्रबंधन**

हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा ने कहा कि इस सफल आयोजन का श्रेय खिलाडियों के जोश और हमारी समर्पित कोचिंग टीम को जाता है। 31 टीमों की भागीदारी यह बताती है कि भारत में हैंडबॉल का ग्राफ कितनी तेजी से बढ़ रहा है। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलाने और बेहतरीन प्रबंधन की जिम्मेदारी कोचों की एक अनुभवी टीम के कंधों पर थी। कोषाध्यक्ष डा. गुरशरण सिंह गिल, कोच परमवीर सिवाच, कोच विवेक कुमार(भिवानी), कोच विकास कुमार (भिवानी) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आयोजन को यादगार बना दिया। खेल प्रेमियों ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष महेश चौहान का आभार जताया।

### बैठक में फसल खरीद प्रक्रिया में थौंपी शर्तों पर जताया रोष

**भिवानी।** सरकार द्वारा फसल खरीद प्रक्रिया में लागू की नई शर्तों के खिलाफ किसानों ने लामबंदी शुरू कर दी है। तोशाम अनाजमंडी में ग्राम स्वराज किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक में किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु व युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर खरेटा ने पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजसिंह धनाना और ब्लॉक प्रधान ईश्वर बागनवाला ने की। मंच संचालन प्रदेश महासचिव रघुबीर सिंह भेरा और जिला सचिव जंगबीर अलखपुरा ने किया। जोगेंद्र ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसान विरोधी शर्तें वापस नहीं ली तो प्रदेश की मंडियों में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में विद्यारंभ संस्कार एवं हवन का आयोजन



**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में विद्यारंभ संस्कार एवं हवन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुभ शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव, सचिव कुलदीप नंबरदार, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नीतीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव एवं प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुति देकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सफलता के लिए प्रार्थना की। चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पण और अनुशासन का संदेश देती है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय का सहयोग करें।

# भारती हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

- पेरैंट्स ही हमारी ताकत : रामावतार शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी






**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती एक प्रतिभागी व कार्यक्रम में समापन अवसर पर सम्मानित करते हुए।

भारती हाई स्कूल भिवानी ने अपना वार्षिक उत्सव मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार थे जबकि समारोह की अध्यक्षता भिवानी की उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट ने की। स्कूल के डायरेक्टर और प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसो. हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और पेरैंट्स का आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पेरैंट्स ही हमारी ताकत हैं क्योंकि वे कभी इतने सालों से स्कूल का सहयोग कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने पेरेंट्स को आश्वासन भी दिया कि अब से हर वर्ष एनुअल फंक्शन किया जाएगा और बच्चों में छुपी विभिन्न प्रतिभाओं को उभारने के लिए एक स्टेज देने का काम स्कूल करेगा। डॉ पवन कुमार ने स्कूल के नाम और स्कूल के उद्देश्य वाक्य की तारीफ करते हुए कहा कि जो सोच इस नाम और इस वाक्य में झलकती है वह तारीफ के काबिल है. क्योंकि यही शिक्षा का मूल उद्देश्य भी है। इस समारोह की अध्यक्षता राजबाला फौगाट ने की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति, गीत-संगीत, नृत्य, नाटक आदि के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनकी सभी उपस्थित लोगों ने बहुत सराहना की।

### चौधरी धर्मराज जाखड़ बाक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने जीते पदक



**भिवानी।** बहादुरगढ़ में हरियाणा बाक्सिंग संघ द्वारा 27 से 31 मार्च तक करवाई चौथी सब जूनियर ब्वायज एंड गर्ल्स स्टेट बाक्सिंग चैंपियनशिप में चौधरी धर्मराज जाखड़ बाक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने दो कांस्य पदक जीतें। कांस्य पदक विजेता दोनों मुक्केबाजों का बाक्सिंग क्लब में पहुंचने पर खेलप्रेमियों व बाक्सिंग कोच ने स्वागत किया। बाक्सिंग क्लब के सचिव कुलदीप जाखड़ ने बताया कि चैंपियनशिप में 64 से 67 किलोग्राम भारवर्ग में रूद्रप्रताप ने कांस्य व 70 किलोग्राम भारवर्ग में महिला मुक्केबाज याचना जाखड़ ने कांस्य पदक प्राप्त किया। क्लब के महासचिव अन्तरराष्ट्रीय मुक्केबाज शशिकांत ने कहा कि चैंपियनशिप में दोनों मुक्केबाजों की उपलब्धियां सराहनीय है, वे उम्मीद करते हैं कि भविष्य में होने वाली चैंपियनशिपों में दोनों खिलाड़ियों का और बेहतर प्रदर्शन रहेगा। इस अवसर पर रैफरी बिजेंद्र सिंह, मुक्केबाज रूद्रप्रताप के पिता सुधीर कुल्हड़िया, कोच इरफान, कोच मीना आदि मौजूद थे।

# समाधान शिविर बना शिकायतों पर कार्रवाई का सशक्त माध्यम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर लोगों की शिकायतों पर कार्यवाही का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल शिकायतों को लेकर काफी संजीदा रहते हैं और उसी का नतीजा है कि पिछले लगभग 6 महीने में जिला 15वें स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर जिला मुख्यालय और बाढड़ा में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। जहां पर उपायुक्त स्वयं लोगों की शिकायतें सुनते हैं और उनके साथ सभी विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद रहते हैं। इससे लोगों की शिकायतों का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाता है। लोगों को अलग अलग कार्यालयों में जाने की जरूरत नहीं रहती है। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करें। नागरिकों की बिजली, पानी और सीवरेज आदि संबंधित समस्याओं का समाधान करना ही अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही छत के नीचे बैठकर निदान करना है ।

### एमडी स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**भिवानी।** बैंक कालोनी स्थित एमडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया, जहां प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। वहीं विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक रमेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ वार्षिकोत्सव की विधिवत शुरुआत की। मुख्याध्यापक रमेश ने कहा कि स्कूल का वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों की उपलब्धि का दिन होता है, जो स्कूल का सबसे बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि बीता हुआ वर्ष हमें गलतियों से सीख लेकर सुधार करके आगे बढ़ने एवं टीम वर्क के महत्व को समझने का होता है। हमारे शिक्षकों ने न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान दिया, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास एवं नेतृत्व की भावना भी जागृत की। उन्होंने शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया और उपलब्धि में माता-पिता के सहयोग सबसे बड़ी ताकत बताया। वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवंत और गतिशील शिक्षण वातावरण का प्रमाण हैं। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी का मनमोह लिया।

### ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव पर मची धूम



**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव पर बच्चों में काफी रूझान देखने को मिल रहा है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिला प्रक्रिया में अभिभावक व विद्यार्थी बढ़चढ़कर भाग लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि विद्यालय में गरीब, असहाय व अन्य प्रकार के सुविधा रखने वाले विद्यार्थियों को विशेष छूट दी जाती है। विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा ने बताया कि बवानीखेड़ा सहित क्षेत्र के आसपास के गांवों के अभिभावकों व बच्चों का विशेष सहयोग प्राप्त होने के कारण पिछले कई वर्षों से विद्यालय अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। वहीं दाखिला प्रक्रिया में विद्यालय में काफी रूझान दिखाई दे रहा है।

## अधिकारियों को दिए गए फसलों की खरीद की पुख्ता इंतजाम के निर्देश

# खरीद पोर्टल से नहीं, बायोमेट्रिक पर अंगूठे से जारी होगा गेट पास

तोशाम मण्डी में सरसों की 28 मार्च से और गेहूं की 01 अप्रैल से खरीद हो चुकी है शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** ट्रैक्टर की नम्बर प्लेट का फोटो लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि ई-खरीद पोर्टल पर गेटपास नहीं कटेगा। जिस किसान के नाम पोर्टल है उसी का अंगूठा लग रहा है। मंडी गेट पर बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापन हो रहा है।

किसान बायोमैट्रिक प्रणाली अपना कर फसल बेच रहे हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए बताया कि जिन किसानों के पास ट्रैक्टर ट्राली है वो अपने ट्रैक्टर पर नंबर जरूर लिखवाए। क्योंकि इस बार सरकार के निर्देशानुसार मंडी में गेंहू के गेट पास तभी कट रहा है, अगर ट्रैक्टर पर नंबर लिखा है, और गेटपास काटने के लिए ट्रैक्टर की फ़ोटो अपलोड हो रही है। ट्रैक्टर की फोटो नंबर सहित जरूरी है। बिना नंबर के ट्रैक्टर की फोटो नहीं हो रही है। इसलिए गेट पास की समस्या से बचने के लिए ट्रैक्टर पर नंबर जरूर लिखवाएं।

**सरसों का भाव 6200 रुपये**

उन्होंने कहा कि किसानों और आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसलो की बिक्री के दौरान किसानों और आढ़तियों कोई समस्या आड़े नहीं आनी चाहिए। वहीं अनाज मंडियों में बिजली, पानी सहित तमाम बेहतर व्यवस्थाओं के साथ साथ आढ़तियों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में पानी, बिजली, सफाई , सीवरेज सहित तमाम व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम होने चाहिएं। उन्होंने आढ़तियों से कहा कि किसानों की फसलों की मंडियों में उतरवाई, झरवाई, तुलवाई और उतरवाई सुचारू रूप से चलनी चाहिएं। संदीप कुमार ने बताया कि सरसों व गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। कृषि विपणन बोर्ड की सेक्रेटरी सुदेश श्योराण ने बताया कि सरकार द्वारा सरसों का भाव 6200 रूपये और गेहूं का 2585 रूपये प्रति क्विंटल की दर के भाव से खरीद की जा रही है। उन्होंने किसानों के लिए जरुरी सूचना की जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में ट्रैक्टर नंबर अनिवार्य है ,बिना नंबर के गेटपास नहीं कटेगा।